भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 922

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क

922. श्री बैन्नी बेहननः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का एक नेटवर्क स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आस्ति मुद्रीकरण पर एनएचएआई को परामर्श प्रदान करने हेतु कोई विशेष टीम गठित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के नेटवर्क के निर्माण हेतु कोई नई योजना लाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.): जी, हां। भारतमाला परियोजना के चरण-। के अंतर्गत 800 किमी एक्सप्रेसवेज सहित राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल 24800 किमी लंबाई को विकास के लिए चिन्हित किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल प्रचालन और हस्तांतरण (टीओटी) कार्यक्रम के तहत डिजाइन राष्ट्रीय राजमार्गों के मुद्रीकरण हेतु निविदाओं के आमंत्रण के लिए डिजाइन परामर्शदाता और ट्रांजैक्शन सलाहकार की नियुक्ति की है।

*****